श्याम से रिश्ता | By Tushar Mishra

मुझे दुनिया की अब परवाह नहीं
मैंने श्याम को दिल में बसा लिया
झूठे रिश्तो की चाहत नहीं
मैंने श्याम से रिश्ता बना लिया

मैं मुस्कुराया ये दर जो पाया
सब श्याम तेरी ही रेहमतें हैं
ये तेरी कृपा का ही असर है
सजाई दिल में जो हसरतें हैं
मेरा दिल अकेला तनहा नहीं
मैंने श्याम को दिल में बसा लिया

मैं डर गया था बिखर गया था
मिली जो मुझको डगर ये तेरी
संवर गया हूँ मैं श्याम प्यारे
गिरी जो मुझ पर ये नज़रे तेरी
मेरी धड़कनो में खुशबू तेरी
मैंने श्याम को दिल में बसा लिया

तुमसे लगाया दिल मैंने बाबा
सेवा में बीते जीवन ये सारा
तू अपनी रेहमत बनाये रखना
चलेगा मेरे घर का गुज़ारा
सोनी जन्मो का हाँ नाता रहे
मैंने श्याम को दिल में बसा लिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a4%be-by-tushar-mishra/